दिनांक 19.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान आज डेंगू प्रभावित विभिन्न वार्डो का दौरा करते हुए जोन क्रमांक 06 रिसाली कार्यालय के अंतर्गत नेवई में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन टंकी परिसर के साथ -साथ आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी ना रहे पानी का जमाव न हो इस संबंध में संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि पानी का जमाव ना हो बारिश की पानी जमा होने पर तत्काल पानी निकासी की व्यवस्था करें तथा आसपास के गड्डे को समतल करने का करी करें पर्याप्त मात्र में मजदूर रखकर कार्य में तेजी लाये धीमी गति से हो रहे कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी नोडल अधिकारी से कहा की निगम छेत्र के अंतर्गत सभी निर्माणाधीन पानी टंकी का निरिक्षण करते हुए कार्य प्रगति से मुझे अवगत करावे तथा कार्य में तेजी आये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें. किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जावेगी ।

जोन 06 आयुक्त को निर्देशित किया गया की जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी जिस वार्ड में लगाईं गई है वे अपने प्रभार छेत्र वाले वार्ड में प्रतिदिन सफाई व्यवस्था के साथ साथ डेंगू के बचा-व हेतु संयुक्त रुप से चलाए जा रहे अभियान में शासन के दिशा निर्देशानुसार कार्य करें तथा वार्डों में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो जिस का निरीक्षण आप स्वयं करें और की गई कार्यवाही से प्रतिदिन मुझे अवगत करावे वार्ड के नागरिकों से अपील करें की आप लोग अपने अपने वार्ड में छोटे-छोटे समूह बनाकर जन जागरूकता रैली निकालकर घर घर डेंगू की बीमारी की रोकथाम के लिए शासकीय चिकित्सकों के द्वारा बताये गये उपाय की जानकारी देवें. इस अभियान में जन सहयोग की आवश्यकता है.

निगम के अधीक्षण अभियंता श्री आर0के0 साहू के द्वारा 1.5 एम.एल.डी. छावनी में जमा पानी टैंक के सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए जोन आयुक्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

जनसम्पर्क अधिकारी